**अभ्यास प्रश्नपत्र 5 (2020-21)**

**इतिहास (027)**

**कक्षा-XII**

समय: 3 घंटा अधिकतम अंक: 80

**सामान्य निर्देश:**

1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए है । इस प्रश्न पत्र में छह खंड है।
2) **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 से 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न(1)अंक वाले है इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3) **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 से 19) स्रोत आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप-भाग है जिनमे से किसी तीन उप- भागों के उत्तर दीजिये।
4) **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 से 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5) **खंड घ** (प्रश्न संख्या 24 से 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दो में दीजिये।
6. **खंड ड** (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है।
7. **खंड च** ( प्रश्न संख्या 30) मानचित्र संबंधी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदो को दर्शाना शामिल है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिकाके साथ नत्थी कीजिए।

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड क**<br><br>किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1x15=1 |
| 1 | हड़प्पा सभ्यता में नहरों के प्रमाण कहाँ पर मिले हैं? | 1 |
| 2 | अर्थ शास्त्र के कुछ अंशों की रचना -----ने की थी। | 1 |
| 3 | निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुन: लिखें:<br>'चाडालों को गाँव के अंदर रहना पड़ता था और परित्याग किए गए बर्तनों का उपयोग करना पड़ता था'। | 1 |
| 4 | निम्न में से 'महिलाओं के गोत्र' के बारे में सही कथन है:<br>a) प्रत्येक गोत्र का नाम एक राजा के नाम पर रखा गया था।<br>b) समान गोत्र के सदस्य विवाह कर सकते थे।<br>c) महिलाओं से शादी के बाद अपने पिता के गोत्र को त्याग देने की अपेक्षा थी<br>d) महिलाओं से शादी के बाद अपने पिता के गोत्र को त्याग देने की अपेक्षा नहीं थी। | 1 |
| 5 | नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और लिखिए कि इसमें किसका चित्रण है:<br> | 1 |

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर:**<br>मातृनाम पाया गया है:<br>a) मौर्य शासकों में<br>b) सातवाहनों में<br>c) शक शासकों में<br>d) गुप्त शासकों में | |
| 6 | जैन धर्म में आखिरी तीर्थंकर थे:<br>a) ऋषभदेव<br>b) अरिष्टनेमी<br>c) महावीर<br>d) सिद्धार्थ | 1 |
| 7 | महिला संत 'अंडाल' जिस भक्ति परंपरा से जुड़ी थी ,वह है:<br>a) अलवार<br>b) नयनार<br>c) लिंगायत<br>d) सिंधी | 1 |
| 8 | कबीर ग्रंथावली का संबंध राजस्थान के ----------पंथियों से है। | 1 |
| 9 | गोपुरम और मंडप के बीच एक अंतर स्पष्ट कीजिये। | 1 |
| **10** | नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है<br>कथन (A) - विजयनगर साम्राज्य में कृषि क्षेत्रों को किलेबंद किया गया।<br>कारण (R) - मध्यकालीन घेराबंदी से निपटने के लिए किलेबंद क्षेत्रों के भीतर ही विशाल अन्नागारों का निर्माण किया जाता था<br>a) केवल कथन (A) सही है।<br>b) केवल कारण (R) सही है।<br>c) कथन(A) और कारण (R) दोनों सही है पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **11** | मुगल शासक बाबर मूल रूप से कहां का रहने वाला था? | **1** |
| **12** | _________ ने चित्रकारी को एक 'जादुई कला' के रूप में वर्णित किया है । | **1** |
| **13** | पांचवी रिपोर्ट पेश की गई थी सन:<br>a) 1813 में<br>b) 1814 में<br>c) 1913 में<br>d) 1914 में | **1** |
| **14** | नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है<br>कथन (A) - 1857 में विद्रोहियों द्वारा जारी की गई घोषणाओं में समाज के सभी तबकों का आह्वान किया गया ।<br>कारण (R) - बहुत ही घोषणाएँ मुस्लिम राजकुमारों द्वारा जारी की गई जिनमे हिंदुओं की भावनाओं का ख्याल रखा गया।<br>a) केवल कथन(A) सही है।<br>b) केवल कारण(R) सही है।<br>c) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है पर कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>d) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है और कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण है। | **1** |
| **15** | पुराने पत्रों का पुलिंदा नामक पत्रों का संकलन ----- द्वारा किया गया है **:**<br>**a)** महात्मा गांधी<br>b) वल्लभ भाई पटेल<br>c) जवाहर लाल नेहरू<br>d) राजेन्द्र प्रसाद | **1** |
| 16 | निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुन: लिखें:<br>गांधीजी ने 1920 में सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ किया । | **1** |
| | **खंड ख** | |
| 17 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढिए और निम्न में से किन्ही | 1+1+1 |

www.edudel.nic.in

तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए -:

**साँची उन्नीसवीं सदी में**

भोपाल राज्य के प्राचीन अवशेषों में सबसे अद्‌भुत साँची कनखेड़ा की इमारतें हैं। भोपाल से बीस मील उत्तर पूर्व की तरफ़ एक पहाड़ी की तलहटी में बसे इस गाँव को हम कल देखने गए थे। हमने पत्थर की वस्तुओं, बुद्‌ध की मूर्तियों और एक प्राचीन तोरणद्‌वार का निरीक्षण किया ... ये अवशेष यूरोप के सज्जनों को विशेष रुचिकर लगते हैं जिनमें मेजर अलेक्जैडर कनिंघम एक है। मेजर अलेक्ज़ैडर कनिंघम ने --- इस इलाके में  कई हफ्तों तक रुक कर इन अवशेषों का  निरीक्षण किया। उन्होंने इस जगह के चित्र बनाए, वहाँ के अभिलेखों को पढ़ा और गुंबदनुमा ढाँचे के बीचोंबीच खुदाई की। उन्होंने इस खोज के निष्कर्षों को एक अंग्रेजी पुस्तक में लिखा है...

भोपाल की नवाब शासन काल (  1868-1901), शाहजहाँ बेग़म की आत्मकथा ताज-उल-इकबाल तारीख भोपाल ( भोपाल का इतिहास ) से । 1876 में एच . डी . बारस्टो ने इसका अनुवाद किया ।

1) **सांची का स्तूप जिस राज्य में स्थित है, वह है:**
   a) उत्तर प्रदेश
   b) मध्य प्रदेश
   c) आंध्र प्रदेश
   d) बिहार

2) **निम्न कथनों में से सांची के संदर्भ में सत्य कथन है:**
   a) इस स्तूप को बंगाल की बेगमों द्‌वारा संरक्षण दिया गया।
   b) फ्रांसीसियों तथा अंग्रेजों को भोपाल की बेगमों द्‌वारा प्लास्टर प्रतिकृतियां दे दी गई।
   c) फ्रांसीसियों तथा अंग्रेजों को बंगाल की बेगमों द्‌वारा प्लास्टर की प्रतिकृति दे दी गई।
   d) यह स्तूप पूर्णत: नष्ट हो गए

3) **नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से  से एक को कथन (A) के रूप  में और दूसरे को  कारण ( R ) के रूप में दर्शाया गया है ।**

कथन ( A ) - सांची का स्तूप भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के सफल मरम्मत तथा संरक्षण का जीता जागता उदाहरण है।

कारण ( R ) - इसके ऊपर किसी ठेकेदार या रेल निर्माता की नज़र नहीं पड़ी।

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | a) केवल कथन (A) सही है।<br>b) केवल कारण (R) सही है।<br>c) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है पर कारण (R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।<br>**4) ताज़ तारीख-इक़बाल-उल-आत्मकथा है :**<br>a) शाहजहाँ बेगम की<br>b) सुल्तानजहाँ बेगम की<br>c) गुलबदन बेगम की<br>d) जहाँआरा की | |
| **18** | **इस चित्र को ध्यान से देखिए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>**1) इस चित्र में प्रदर्शित किया गया है:**<br>a) भगवान श्री राम, सीता तथा लक्ष्मण को<br>b) भगवान श्री कृष्ण, राधा तथा बलराम को<br>c) भगवान श्री कृष्ण, सुभद्रा तथा बलराम को<br>d) भगवान शिव, पार्वती तथा कार्तिकेय को<br>**2) लघु परंपरा तथा महान परंपरा शब्द मुद्रित किए गए थे :**<br>a) रॉबर्ट रेडफ़ील्ड द्वारा | **1+1+1=3** |

b) जॉन मार्शल द्वारा
c) कनिंघम द्वारा
d) आर .एम .ई .व्हीलर द्वारा

**3) लघु परंपरा तथा महान परंपरा का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण मिलता है:**

a) उड़ीसा में
b) बंगाल में
c) गुजरात में
d) हिमाचल प्रदेश में

**4) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**

कथन (A) - किसान उन कर्मकाण्डों तथा पद्धतियों का अनुकरण करते थे जिनका समाज के प्रभुत्वशाली वर्ग जैसे पुरोहित तथा राजा द्वारा पालन किया जाता था।

कारण (R) - कृषक समुदाय अन्य लोकाचारों का पालन करते थे जो महान परंपरा से सर्वथा भिन्न थे

a) केवल कथन (A) सही है।
b) केवल कारण(R) सही है।
c) कथन (A) और कारण ( R ) दोनों सही है पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर:** दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढिए और निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए -:

**भक्ति साहित्य का संकलन**

दसवीं शताब्दी तक आते - आते बारह अलवारों की रचनाओं का एक संकलन कर लिया गया जो नलयिरादिव्यप्रबंधम् ( "चार हज़ार पावन रचनाएँ") के नाम से जाना जाता है। दसवीं शताब्दी में ही अप्पार संबंदर और सुंदरार की कविताएं तवरम नामक संकलन में रखी गई जिसमें कविताओं का संगीत के आधार पर वर्गीकरण हुआ।

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | **1) अलवार संत, मुख्यतः उपासक थे:**<br>a) भगवान कृष्ण के<br>b) भगवान शिव के<br>c) भगवान विष्णु के<br>d) भगवान परशुराम के<br>**2) तवरम ग्रंथ में ---- की रचनाओं का संकलन है :**<br>a) कबीरदास जी की<br>b) बसवन्ना की<br>c) अप्पार, सुंदरार और संबंदर की<br>d) अप्पार तथा बसवन्ना की<br><br>**3) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:**<br><br>**कथन (A)** - दक्षिण भारतीय शासकों द्वारा विभिन्न भक्ति संतों का समर्थन पाने का प्रयास किया गया।<br><br>**कारण (R)** - चोल सम्राटों ने दैवीय समर्थन पाने का दावा किया तथा अपनी सत्ता के प्रदर्शन के लिए सुंदर मंदिरों का निर्माण कराया।<br><br>a) केवल कथन (A) सही है।<br>b) केवल कारण (R) सही है।<br>c) कथन(A) और कारण ( R) दोनों सही है पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।<br>**4) प्रमुख नयनार महिला संत हैं :**<br>a) मीरा बाई<br>b) अंडाल<br>c) करइक्काल अम्मइयार<br>d) दिद्दा | |
| 19 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढिए और निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए -: | 1+1+1=3 |
| | **“जी नहीं, असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है”** | |

www.edudel.nic.in

जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एन .जी. महोदय : रंगा ने कहा था, अल्पसंख्यकों के बारे में बहुत बातें हो रही हैं। असली अल्पसंख्यक कौन हैं? तथाकथित पाकिस्तानी प्रांतों में रहने वाले हिंदू, सिख और यहाँ तक मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं हैं। जी नहीं, असली अल्पसंख्यक तो इस देश की जनता है। यह जनता इतनी दबीकुचली और इतनी उत्पीड़ित है कि अभी तक साधारण नागरिक - के अधिकारों का लाभ भी नहीं उठा पा रही है। स्थिति क्या है? आप आदिवासी इलाकों में जाइए। उनके अपने कानूनों, उनके जनजातीय कानूनों, उनकी जमीन को उनसे नहीं छीना जा सकता। लेकिन हमारे व्यापारी वहाँ जाते हैं, और तथाकथित मुक्त बाजार के नाम पर उनकी ज़मीन छीन लेते हैं। भले ही कानून जमीन की इस बेदखली के खिलाफ हो, व्यापारी इन आदिवासियों को तरह - तरह के बंधनों में जकड़कर गुलाम बना लेते है और पीढ़ी - दर - पीढ़ी दस्ता के नर्क में ढकेल देते है। आइए अब आम गाँव वालों को देख लेते हैं। वहाँ सूदखोर पैसा लेकर जाता है और गाँव वालों को अपनी जेब में डाल लेता है। वहाँ ज़मींदार हैं और मालगुजार व अन्य लोग हैं जो इन गरीब देहातियों का शोषण करते हैं। इन लोगों में मूलभूत शिक्षा तक नहीं है। असली अल्पसंख्यक यही लोग हैं जिन्हें सुरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए। उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केवल इस प्रस्ताव से काम चलने वाला नहीं है।...

**1) नेहरू जी ने उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया था:**

a) 9 दिसम्बर 1946 को
b) 10 दिसम्बर 1946 को
c) 13 दिसम्बर 1946 को
d) 14 दिसम्बर 1946 को

**2) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है**

कथन (A) **-** एन. जी. रंगा की नज़र में असली अल्पसंख्यक चले लोग हैं।गरीब और दबे कु

**कारण (R) -** जब तक संविधानसम्मत अधिकारों को लागू करने का प्रभावी इंतज़ाम नहीं किया जाएगा तब तक गरीबों के लिए इस बात का कोई मतलब नहीं है कि उनके पास कितने अधिकार हैं।

a) केवल कथन (A) सही है।
b) केवल कारण(R) सही है।
c) कथन(A) और कारण (R) दोनों सही है पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R)

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | कथन (A) का स्पष्टीकरण है।<br><br>**3) अल्पसंख्यकों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग के प्रबल पक्षधर थे:-**<br>a) गोविंद बल्लभ पंत<br>b) बेगम एजाज रसूल<br>c) जवाहर लाल नेहरू<br>d) बी पोकर बहादुर<br>**4) "मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी ।" यह वक्तव्य है :**<br>a) महात्मा गांधी का<br>b) एन . जी . रंगा का<br>c) जवाहरलाल नेहरू का<br>d) गोविंद वल्लभ पंत का | |
| | **खंड ग** | |
| 20 | प्राचीन भारतीय महाजनपदों की तीन प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। | 3 |
| 21 | "विजयनगर शासकों और दक्कन सल्तनतों के शासकों की सामरिक महत्वाकांक्षाओं के चलते समीकरण बदलते रहे।"<br>उक्त कथन की विवेचना कीजिये। | 3 |
| 22 | 1770 और 1780 के दशक में ब्रिटिश अधिकारियों का राजमहल के पहाड़ियों के प्रति रवैये का विश्लेषण कीजिये। | 3 |
| 23 | 'अवध के अधिग्रहण से सिर्फ नवाब की ही गद्दी नहीं छिनी थी बल्कि इलाके के ताल्लुकदारों को भी लाचार कर दिया था।' स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| | **खंड घ** | |
| 24 | धर्मशास्त्रों में वर्णित चार वर्णों की 'जीविका' के आदर्श से संबंधित नियमों की व्याख्या कीजिए।<br>**अथवा**<br>सातवाहनों के अभिलेखों के साक्ष्यों पर आधारित तत्कालीन वैवाहिक परंपराओं एवं प्रथाओं को स्पष्ट कीजिए | 8 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | अबुल फज्ल द्वारा अकबर के सुलह - ए - कुल के आदर्श को प्रबुद्ध शासन का आधार बताने का औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>**अथवा**<br>"मुगल शासकों को शक्ति सीधे ईश्वर से मिलती थी।" दैवीय प्रकाश के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए उक्त कथन की युक्तियुक्त पुष्टि कीजिए। | 8 |
| 26 | "संविधान सभा के कम्युनिस्ट सदस्य सोमनाथ लाहड़ी को संविधान सभा की चर्चाओं पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद का स्याह साया दिखाई देता है" उक्त कथन की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।<br>**अथवा**<br>"एक दुर्बल केंद्रीय शासन देश के लिए हानिकारक होगी।" कथन के परिप्रेक्ष्य में केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारों की विवेचना कीजिए। | 8 |
| | **खंड ड** | |
| 27 | निम्नलिखित स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए व उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 1+2+2 |

**एक 'आक्रमण' के साक्ष्य**

डैडमैन लेन एक सँकरी गली है, जिसकी चौड़ाई 3 से 6 फीट तक परिवर्ती है ... वह बिंदु जहाँ यह गली पश्चिम की ओर मुड़ती है, 4 फीट तथा 2 इंच की गहराई पर एक खोपड़ी का भाग तथा एक वयस्क की छाती तथा हाथ के ऊपरी भाग की हड्डियाँ मिली थीं। ये सभी बहुत भुरभुरी अवस्था में थी। यह धड़ पीठ के बल, गली में आड़ा पड़ा हुआ था। पश्चिम की ओर 15 इंच की दूरी पर एक छोटी खोपड़ी के कुछ टुकड़े थे। इस गली का नाम इन्हीं अवशेषों पर आधारित है।

जॉन मार्शल,मोहनजोदड़ो एंड द इंडस सिविलाईज़ेशन, 1931 से उद्धृत।

27.1 स्रोत में वर्णित गली को मृतकों की गली क्यों कहा जाता है?

27.2 जॉन मार्शल कौन थे? गली में पाए गए अवशेषों के आधार पर विद्वानों और पुरातत्ववेत्ताओं द्वारा निकले गए निष्कर्षों में से कोई एक निष्कर्ष लिखिए।

27.3 सोदाहरण लिखिए कि कभी - कभी प्रारंभिक व्याख्याएँ क्यों पलट दी जाती हैं ?

| | | |
|---|---|---|
| 28 | निम्नलिखित स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए व उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 2+2+1 |

www.edudel.nic.in

**चमत्कारिक व अविश्वसनीय**

संयुक्त प्रांत के स्थानीय समाचारपत्रों में उस समय फैली कई अफवाहें दर्ज हैं। ये अफवाहें - व्यक्ति ने महात्मा की शक्ति को परखना चाहा उसे अचंभा थीं कि जिस किसी भीहुआ:

1. बस्ती में गाँव के सिंकदर साहू ने 15 फरवरी को कहा कि वह महात्मा जी के तब विश्वास करेगा जब उसके कारखाने में गन्ने के (जहाँ गुड़ का उत्पादन होता था) त ही कड़ाहा वास्तव दो भाग में टूट जाएगा। तुरं (उबलता हुआ) रस से भरा कड़ाहा में बीच में से दो हिस्सों में टूट गया।
2. आजमगढ़ के एक किसान ने कहा कि वह महात्मा जी की प्रमाणिकता में तब विश्वास करेगा जब उसके खेत में लगाए गए गेहूँ तिल में बदल जाएँ। अगले दिन उस खेत का सारा गेहूँ तिल बन गया।

ऐसी अफवाहें थी कि महात्मा गाँधी का विरोध करने वाले लोग निरपवाद रूप से किसी न किसी त्रासदी का शिकार हुए थे।

1. गोरखपुर से एक सज्जन ने चरखा चलाए जाने की आवश्यकता पर प्रश्न उठाया। उनके घर में आग लग गई।
2. अप्रैल 1921 में उत्तर प्रदेश के एक गाँव में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। किसी ने उन्हें ऐसा करने से रोका। जुआ खेल रहे समूह में से एक ने रुकने से मना कर दिया और गाँधी जी को अपशब्द कहा। अगले दिन उसकी बकरी को उसके ही चार कुत्तों ने काट डाला।
3. गोरखपुर के एक गाँव में किसानों ने शराब पीना छोड़ने का निश्चय किया। एक व्यक्ति अपने निश्चय पर कायम नहीं रहा। जब वह शराब की दुकान की तलाश में जा रहा था तो उसके रास्ते में रोड़ों की बारिश होने लगी। ज्यों ही उसने गाँधीजी का नाम लिया रोड़ों की बारिश बंद हो गई।

28.1 आपके अनुसार गाँधीजी के बारे में अफवाहों से क्या पता चलता है?
28.2 किसान महात्मा गाँधी को किस तरह से देखते थे?
28.3 गाँधीजी की चमत्कारिक शक्तियों के बारे में फैली किसी एक अफवाह का वर्णन कीजिए?

| | | |
|---|---|---|
| 29 | निम्नलिखित स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए व उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 1+2+2 |

**चरखानामा**

यह गीत चरखे के चलने की धुन पर आधारित है:
जैसे आप रुई लेते हैं,
आप ज़िक्र - ए - जाली करें ।

www.edudel.nic.in

<table>
<tr><td colspan="3">जैसे आप रुई धुनते हैं,<br>आप ज़िक्र -ए- कल्बी करें।<br>जैसे आप धागे को फिरकी पर लपेटते हैं,<br>आप ज़िक्र- ए- आइनी करें।<br>ज़िक्र पेट से छाती तक उच्चारित किया जाए।<br>उसे धागे की तरह गले से उतारें<br>स्वास के धागे एक- एक गिनें, बहन<br>चौबीस हज़ार तक गिनें<br>सुबह- शाम ऐसा करें<br>और इसे तोहफे में अपने पीर को पेश करें।<br><br>29.1 यह कविता किस विधा की हैं?<br>29.2 इस परंपरा की दो अन्य रचनाओं के नाम लिखिए।<br>29.3 इन रचनाओं को कब, क्यों और कौन गाता था?</td></tr>
<tr><td></td><td>खंड च<br>(मानचित्र प्रश्न )</td><td></td></tr>
<tr><td>30</td><td>(30.1) भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए -<br><br>a) अहमदाबाद<br>अथवा<br>बंबई<br>b) बनावली<br>अथवा<br>राखीगढ़ी<br>c) चौरी - चौरा<br><br>(30.2) भारत के दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर मुग़ल साम्राज्य से संबन्धित दो स्थल A,B अंकित किए गए है, उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए<br><br>नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधितों के लिए प्रश्न संख्या 30.1 एवं 30.2 के स्थान पर है ।<br>(30.1) कोई तीन राष्ट्रीय आंदोलन से संबन्धित स्थलों के नाम लिखिए</td><td>1+1+1<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1+1</td></tr>
</table>

www.edudel.nic.in

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br><br>a) उस हड़प्पा स्थल का नाम लिखिए जहाँ से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिलें हैं<br><br>(b) उस हड़प्पा स्थल का नाम लिखिए जहाँ से मिट्टी के बने हल के प्रतिरूप मिलें हैं।<br><br>(30.2) मुग़ल शासन की किन्हीं दो राजधानी नगरों के नाम लिखिए। | |

